कांग्रेस कर रही किराए के दफ्तर का जीर्णोद्वार

- पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जुटाए 50 लाख
- इधर भाजपा अपने दूसरे नए दफ्तर के लिए आधारशिला रख चुकी

नईदुनिया प्रतिनिधि,इंदौर: भाजपा जब इंदौर में अपने दूसरे नए दफ्तर की आधारशिला रख चुकी है। कांग्रेस अपने लिए दफ्तर तो नहीं बना सकी, लेकिन अपने किराए के दफ्तर गांधी भवन का जीर्णोद्धार कर रही है। गांधी भवन की सूरत और वास्तु बदलने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। अपने किराए के दफ्तर को ठीक-ठाक करने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने आपसी सहयोग से धन जुटाया है। एक महीने में गांधी भवन नई शक्ल ले लेगा। दशकों को बाद गांधी भवन में बड़े पैमाने पर सुधार और वास्तु बदलने का कोई काम होने जा रहा है।

गांधी भवन में विपक्षी पार्टी असल में किराएदार है। खादीवाला ट्रस्ट के इस भवन में शुरू से ही कांग्रेस का दफ्तर लगता रहा है। कार्यकर्ता और नेता लगातार कहते रहे कि कांग्रेस को अपने लिए अच्छे और आधुनिक दफ्तर की जरूरत है। इस बीच पहले विपक्ष में रही भाजपा ने अपना दफ्तर जावरा कंपाउंड में बनाया। अब जिला दूसरा दफ्तर भी बनने जा रहा है।

हालांकि कांग्रेस सत्ताधारी पार्टी से विपक्षी पार्टी में भी आई लेकिन अपने लिए दफ्तर नहीं बना सकी। कमल नाथ सरकार के आते ही फिर से सुगबुगाहट हुई लेकिन सिर्फ गांधी भवन के रंगरोगन और थोड़ी मरम्मत के साथ ही बात खत्म हो गई।

सहयोग दे रहे नेता

गांधी भवन के जीर्णोद्धार पर करीब 50 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जर्जर से हो रहे इस भवन की गैलरियों को ठीक किया जा रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के अनुसार दूसरी मंजिल पर बने हाल को भी कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेताओं के सहयोग से एयरकंडीशनर हाल में बदला जा रहा है। काम शुरू किया जा चुका है और थोड़े ही समय में पूरा भी हो जाएगा।

हाईकोर्ट ने कहा-युवक की आयु 21 वर्ष से कम है, विवाह को मान्यता नहीं दे सकते

इंदौर: शुक्रवार को हाई कोर्ट में एक अजीब मामला सुनवाई के लिए पहुंचा। याचिकाकर्ता 20 वर्षीय युवक का कहना था कि उसकी पत्नी को अवैध रूप से रखा है। उसे छुड़ाया जाए। कोर्ट के आदेश पर पत्नी को कोर्ट में लाया गया। वह तो बालिग थी, पति की आयु विवाह योग्य नहीं थी। कोर्ट ने युवती को अपनी मर्जी से रहने की अनुमति तो दे दी, लेकिन कहा कि चूंकि युवक की आयु विवाह योग्य नहीं है। अतः पति-पत्नी के रूप में रहने की अनुमति नहीं दे सकते।

रतलाम निवासी युवक-युवती ने परिवार की मर्जी के विरुद्ध जाकर विवाह किया था। पुलिस ने उन्हें तलाशा तो वे खाचरोद में मिले। जब पुलिस ने पकड़ा तब युवती वयस्क हो चुकी थी। युवती को उज्जैन के शेल्टर होम भेज दिया गया। इस पर युवक ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर दी। उसने कहा कि शेल्टर होम में पुलिस ने पत्नी को अवैध तरीके से कब्जे में रखा है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में युवती ने कहा कि वह याचिकाकर्ता युवक के साथ जाना चाहती है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया पौधारोपण

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर: भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को चितावद के आनंदमयी उद्यान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। उन्होंने आपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूर्ण होने पर सिंदूर का पौधा लगाया। प्रदेशाध्यक्ष भाजपा नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा के निवास भी पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

35 मंडलों में हुआ कार्यक्रम : भाजपा नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने और विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को भाजपा नगर द्वारा 35 मंडलों में पौधारोपण किया गया।

The Akola Urban Co-operative Bank Ltd., Akola Multistate Scheduled Bank

"Jankalyan", 58-59, Toshniwal Layout, Near Milk Scheme, Murtizapur Road, Akola - 444001 Ph. 0724 - 2453850 - 54

REQUIREMENTS
RELATIONSHIP MANAGER & MARKETING EXECUTIVES

Bank invite application for following post at Akola, Pune, Nasik, Chhatrapati Sambhaji Nagar, Indore, Nagpur.

Post Relationship Manager & Marketing Executive.
Qualification : MBA (Finance) and /Or MBA (Marketing).
Experience : Fresher Preference to experience in Banking sector. **Age** As on 31-03-2026 25 years to 40 years of age Salary & Perks in the form of fix pay and performance pay Upload your Application and Bio Data in Given Format on our **Web-Site www.akolaurban.bank.in** on or before 15 th June, 2026 Hard Copies of Application, Bio Data & Documents sent on above Address

Chief Executive Officer

Bank of India रिश्तों की जमापूंजी Relationship beyond banking

आंचलिक कार्यालय : स्टार हाउस, प्लॉट नं. 58 और 59, वंसत विहार कॉलोनी, वार्ड नं. 4, धार (म.प्र.), मोबाईल नं. 8787277135, 8103308377

ई-नीलामी बिक्री 09.07.2026

चल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस

बैंक द्वारा वाहन दृष्टिबंधक अनुबंध के अंतर्गत चल संपत्ति की नीलामी दृष्टिबंधक अनुबंध के तहत वाहन सुरक्षित बैंक कब्जे में है। आम लोगो को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति - दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो की बैंक के पास दृष्टिबंधक या उसका कब्जा **बैंक ऑफ इंडिया** की प्राधिकृत एजेंसी द्वारा ले लिया गया है एवं वाहन को **''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार** पर उधारकर्ता और जमानतकर्ता से बैंक की बकाया **राशि** की वसूली हेतु बेचा जाएगा। पूर्ण विवरण निम्नानुसार है-

अंतिम तिथि EMD/Document करने के लिए 09.07.2026 प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक

क्रं.	शाखा का नाम/ मोबाइल नम्बर	शाखा का नाम/ मोबाइल नम्बर	आरक्षित धन राशि/ अग्रिम धनराशि वृद्धिशील धनराशि	वाहन का विवरण
1.	जोबट 7979869947	आशाराम बिलवाल पुत्र मंगर सिंह बिलवाल खाता संख्याः 884577710000235	3,24,000.00 / 35,000.00 / 5,000.00	Tractor Sonalika Model DI42 RX (2018) BS3, RC No. MP69 A 2240 Chassis No.: CZYSG799364S3 Engine No.: 3102FLU83K790534F19
2.	राजोद 7007882503	श्रीमती चंद्रकांता देराश्री पत्नी मनोज देराश्री खाता संख्याः 884860510000027	1,95,000.00 / 20,000.00 / 5,000.00	Renault KWID RXT 1.0 (2018) BSVI RC no. MP09CY9419 Chassis No. MEEBBA008J4587356 Engine No.: B4DA404E124618
3.	अलीराजपुर 6299891425	कुशल सिंह चौहान पुत्र कमता चौहान खाता संख्याः 884376210000023	1,47,000.00 / 15,000.00 / 5,000.00	Tractor Escort Euro 41/2019 RC No. MP69 A 2053 Chassis No.: T053322645HE Engine No.: E3360863
4.	बदनावर 9098622446	रानी पत्नी सतीश सेन खाता संख्याः 980472310000009	1,68,000.00 / 17,000.00 / 5,000.00	Atul Auto Model ATULSMRT XD Goods Carrier (07/2022) RC No. MP11 LA 2542 Chassis No. MCG62RKCLG2207151 Engine No. A2F1538742

उपर्युक्त परिसंपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री के लिए इस सार्वजनिक सूचना के अतिरिक्त, बैंक ऑफ इंडिया उक्त संपत्तियों को खरीदने के लिए केवल ऑनलाइन मोड में प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

नियम एवं शर्तें : 1. ई-नीलामी जहां है जैसा है के आधार पर, जो कुछ भी है वैसा ही आधार पर, जो कुछ भी है और बिना किसी सहारा के आधार पर आयोजित की जा रही है: और ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, ई-नीलामी बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित ई-नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से आयोजित की जाएगी जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है 2. इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल **https://bankeauctions.com** पर पंजीकृत करना चाहिए और अपनी उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए, भावी बोलीदाता बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता, सेवा प्रदाता **M/s PSB Alliance** से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। वेब पोर्टल द्वारा आयोजित किया जाएगा: **https://baanknet.com** ऑनलाइन नीलामी बिक्री निविदा दस्तावेज, ऑनलाइन ई-नीलामी निविदा फॉर्म, घोषणा फॉर्म, नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। कृपया बिक्री के नियमों और शर्तों के विवरण के लिए बैंक ऑफ इंडिया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.bankofindia.co.in** और **https://baanknet.com** (वेबसाइट विवरण) पर जाएं। यह प्रकाशन ऋणी को 7 दिवसीय सूचना भी है। **संपर्क उपरोक्त शाखा के साथ मोबाइल नं. पर संपर्क करें या** प्रबंधक एआरडी, बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय धार।

वाहन निरीक्षण दिनांक एवं समय : 08.07.2026 तक (पूर्व में लिए गए समय अनुसार)

स्थान : धार, दिनांक : 06.06.2026 — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया, धार